(ii) NEED FOR SETTING UP OF A PETRO-CHEMICAL INDUSTRY IN RATLAM, MADHYA PRADESH.

श्री दिलीप सिंह भूरिया (झाबुआ) : उपाध्यक्ष महोदय, बाम्बे हाई गैस पर आधारित उद्योगों की रु० 900 करोड़ की योजना के अन्तर्गत पेट्रोकेमिकल उद्योग मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के मोरवानी स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए। यह स्थान इस उद्योग के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। 1980 में भारत सरकार द्वारा स्थापित कमेटी द्वारा भी इस स्थान के लिए सिफारिश की गई थी।

रतलाम और झाबुआ आदिवासी क्षेत्र हैं जिनकी अधिकांश जनसंख्या आदिवासीयों की है। भारत सरकार की नीति के अन्तर्गत इस उद्योग से बड़ी संख्या में आदिवासि लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में उद्योग की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जमीन का असीमित क्षेत्र है। माही नदी का भरपूर जल है। बड़ी संख्या में कुशल और अकुशल मजदूर मिल सकते हैं। ब्राड और मीटर गेज रेलवे लाइन भी उस क्षेत्र में है।

मध्य प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के आदिवासियों की ओर से मैं मांग करता हूं कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पहली कमेटी की सिफारिश के अनुसार मोरवानी (रतलाम) में ही वह पेट्रोकेमिकल उद्योग स्थापित किया जावे। इस से भारत सरकार की पिछड़े तथा आदिवासी क्षेत्रों को उन्नत बनाने की बुनियादी नीति का पालन होगा।

(iii) NEED FOR RELIEF TO THE VICTIMS OF BUS ACCIDENTS IN ALMORA AND PITHORAGARH DISTRICTS OF U. P.

श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत (अल्मोड़ा): विगत 3 माह के अन्दर उत्तर प्रदेश के अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ जनपदों में 5 भयंकर बस दुर्घटनाएं हुई हैं। इन बस दुर्घटनाओं में लगभग 100 लोग अकाल काल कवलित हुए हैं वह कई लोग भयंकर रूप में घायल हुए हैं। इस क्षेत्र में यातायात का कार्य उ० प्र० राज्य परिवहन निगम व कमाऊ मोटर्स यूनियन लिमिटेड करती हैं। इन बस दुर्घटनाओं का कारण बहुत पुरानी छकड़ा बसों का चलाना, आवश्यक साज-सज्जायुक्त वर्कशापों का न होना व सड़कों का तंग होना है।

अतः शासन से आग्रह है कि उ० प्र० के पर्वतीय क्षेत्रों मे कार्यरत इन दोनों यातायात संस्थाओं को कम से कम 400 नई बस चेसिस दी जाय व वहां आधुनिक वर्कशापों की स्थापना की जाय तथा सड़कों को चौड़ा किया जाय।

तात्कालिक तौर पर मृतकों के आश्रितों को कम से कम 20 हजार रुपये की नकद सहायता व उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाय तथा घायलों को 5 हजार से 10 हजार तक की अनुतोष धनराशि दी जाय।

(iv) NEED FOR EXPANSION OF GOROKHPUR AIRCRAFT AND PROVISION FOR A DAILY INDIAN AIRLINE'S SERVICE.

श्री महावीर प्रसाद (बांसगांव) : मान्यवर, गोरखपुर शहर एक ऐसा शहर है जहां पर इस समय भारतीय उर्वरक कारखाना, आकाशवाणी केन्द्र, प्रसिद्ध गोरखनथा मंदिर, विश्व प्रसिद्ध गीता प्रेस, समीप में कुशीनगर विश्व प्रसिद्ध भगवान बुद्ध का महानिर्वाण स्थली तथा पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय एवं वायु सेना की पूर्वी कमान का मुख्यालय स्थित हैं। जहां पर विश्व के हर कोने से पर्यटक एव व्यापारी आते रहते हैं। लेकिन वायु यातायात की कमी के कारण वहां पर आने वाले यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। साथ ही साथ इ